Office of the Principal Govt. College, Alewa(Jind)

सूचना

Memo No. 6585 **Dated:** 11/03/2026

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री-विद्यालक्ष्मी योजना को अनुमोदन प्रदान किया है ताकि आर्थिक तंगी भारत के किसी भी युवा को गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने में बाधक न हो। देश के शीर्ष 902 गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बिना किसी ज़मानत और गारंटर के शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष ऋण उत्पाद शुरू किया गया है; यह ऋण एक सरल, पारदर्शी, छात्र-अनुकूल और पूरी तरह से डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से सुलभ है। इसके अलावा, 8 लाख रुपये तक की वार्षिक **पारिवारिक आय वाले विद्यार्थियों के लिए, इस योजना में 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3% ब्याज सहायता भी प्रदान की जाएगी।**

पीएम विद्यालक्ष्मी डिजिटल रूपी ऐप, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार के शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान लाभ प्राप्त करने के लिए एक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन है।

यह एप्लिकेशन एंड्रॉइड मोबाइल के लिए प्ले स्टोर और आईफोन के लिए ऐप स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

पीएम विद्यालक्ष्मी डिजिटल रूपी ऐप, भारत सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के की पीएम विद्यालक्ष्मी और सीएसआईएस ब्याज अनुदान योजनाओं दोनों के लिए लागू है।

विद्यार्थी **https://pmvidyalaxmi.co.in** पर पीएम-विद्यालक्ष्मी और सीएसआईएस योजना के अंतर्गत शिक्षा ऋण और ब्याज छूट के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी मैडम डॉ. वैशाली हुड्डा से संपर्क कर सकते हैं।

11/03/2026

11/3/26
Principal
Govt. College
Alewa (Jind)